दिन– सोमवार | दिनांक– 21 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. विपक्षी दलों के हंगामें के बीच विधानमंडल का मानसून सत्र शुरू। चालू वित्तीय वर्ष का प्रथम अनुपूरक बजट सदन के पटल पर रखा गया।

02. संसद का मानसून सत्र भी शुरू। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्र को देश की सामूहिक उपलब्धियों का सच्चा उत्सव बताया।

03. बिहार देश में पहला राज्य बना गया जहां प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मतदाताओं की संख्या बारह सौ से कम है।

04. और, नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण गंगा, कोसी, बूढ़ी गंडक और महानंदा नदी में भारी उफान। पटना, खगड़िया, भागलपुर, कटिहार के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैला।

---

बिहार विधानमंडल का पांच दिवसीय मानसून सत्र आज से शुरू हो गया है। सत्र के पहले दिन दोनों सदनों में राजद, कांग्रेस, माले समेत विपक्षी सदस्यों ने कानून व्यवस्था की स्थिति और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के विरोध में हंगामा और नारेबाजी की। हंगामे के बीच ही विधानसभा की कार्यवाही शुरू हुई। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि सत्रहवीं विधानसभा का यह अंतिम सत्र है। उन्होंने सदस्यों से सार्थक चर्चा में भाग लेने की अपील की।

–––बाइट–––

सत्र के पहले दिन हंगामे और नारेबाजी के बीच उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने चालू वित्तीय वर्ष का पहला अनुपूरक बजट सदन के पटल पर रखा।

–––बाइट–––

विपक्षी सदस्यों के लगातार हंगामा और शोर–शराबे के कारण विधानसभा अध्यक्ष ने शोक प्रकाश के बाद सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी।

इधर, विधान परिषद में भी मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण और कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर विपक्षी सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। मानसून सत्र पच्चीस जुलाई तक चलेगा। इस दौरान बिहार प्लेटफॉर्म गिग कामगार विधेयक, जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय विधेयक, बिहार दुकान और प्रतिष्ठान विधेयक तथा पशु प्रजनन विनियमन विधेयक जैसे नए विधेयक समेत कई महत्त्वपूर्ण विधेयक चर्चा के लिए सदन में पेश किया जायेगा।

---

संसद का मानसून सत्र भी आज से शुरू हो गया है। सत्र के पहले दिन विपक्षीय सदस्यों के हंगामे और नारेबाजी के कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही कई बार स्थगित करनी पड़ी। लोकसभा में आज प्रश्नकाल प्रारंभ होते ही विपक्षी सदस्यों ने ऑपरेशन सिंदूर और एसआईआर पर चर्चा समेत विभिन्न मुद्‌दों को लेकर जोरदार हंगामा किया। इस बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी। इधर, रक्षामंत्री और लोकसभा में उपनेता राजनाथ सिंह ने कहा सरकार किसी भी प्रस्तावित विषय पर चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को हंगामे की जगह चर्चा की तैयारी करनी चाहिए।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आशा व्यक्त की है कि संसद का मॉनसून सत्र सार्थक होगा और सकारात्मक चर्चाओं से भरपूर होगा। यह सत्र देश के लोकतंत्र को सशक्त बनाएगा। श्री मोदी ने संसद सत्र की शुरूआत से पहले संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह सत्र राष्ट्र के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है। प्रधानमंत्री ने सभी दलों के सांसदों से सत्र के सुचारू कार्यवाही में सहयोग करने का आग्रह भी किया।

———बाइट———

मैं इस वास्तविकता को स्वीकार करता हूं कि दलहित में मत भले ही न मिले, लेकिन देशहित में मन जरूर मिले। इसी एक भावना के साथ इस मॉनसून सत्र से देश के विकास यात्रा को बल देने वाले, देश की प्रगति को बल देने वाले, देश के नागरिकों को सामर्थ्य देने वाले अनेक विधेयक प्रस्तावित हैं। सदन विस्तृत चर्चा करके उसको भी पारित करेगा। मेरी सभी मान्य सांसदों से उत्तम डिबेट चलाने के लिए शुभकामनाएं हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने निर्धारित लक्ष्य शत–प्रतिशत हासिल किया।

———बाइट———

पहलगाम की क्रूर हत्या, अत्याचार, नरसंहार पूरी दुनिया चौक उठी थी। आतंकवादी और आतंकवादी के आके दुनिया का ध्यान उनकी तरफ केन्द्रित हुआ और उस समय दलहित छोड़ करके देशहित में हमारे ज्यादातर दलों के प्रतिनिधि, ज्यादातर राज्यों के प्रतिनिधि ने विश्व भ्रमण किया। दुनिया के अनेक देशों में गए और एक स्वर से दुनिया के सामने आतंकवादियों का आका पाकिस्तान को बेनकाब करने का एक बहुत सफल अभियान चलाया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने आतंकवाद से लेकर नक्सलवाद तक बहुत सी हिंसक चुनौतियों का सामना किया है लेकिन आज नक्सलवाद और माओवाद का प्रभाव तेजी से कम हो रहा है।

———बाइट———

देश में सैकड़ों जिले नक्सल की चपेट में से निकल करके आज मुक्ति की सांस ले रहे हैं। हमें गर्व है कि बम, बंदूक और पिस्तौल के सामने हमारे देश का संविधान जीत रहा है। देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए साफ दिख रहा है कि कल तक जो रेड कॉरिडोर थे, वो आज ग्रीन ग्रोथ जोन में परिवर्तित होते नजर आ रहे हैं।

श्री मोदी ने कहा कि कई देशों में यूपीआई की लोकप्रियता बढ़ने के साथ डिजिटल भारत, विश्व में धूम मचा रहा है।

———बाइट———

डिजिटल इंडिया यूपीआई आज भारत के एक नए सामर्थ्य को दुनिया देख रही है, पहचान रही है और ज्यादातर देश में उसके प्रति एक आकर्षण पैदा हो रहा है। यूपीआई ने फिनटैक की दुनिया में अपना एक नाम कमाया है। रियल टाइम, डिजिटल ट्रांजेक्शन दुनिया में सबसे ज्यादा हो रहे हैं। दुनिया में जितने हो रहे हैं, अकेले भारत में उससे ज्यादा हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने मॉनसून की चर्चा करते हुए कहा कि यह नवाचार और नवीकरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देशभर में चल रही मौसम की स्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं।

---

न्यायामूर्ति विपुल मनुभाई पंचोली ने आज पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीध पद की शपथ ले ली। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने राजभवन में आयोजित समारोह में उन्हें पद और गोपनियता की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति पंचोली पटना उच्च न्यायालय के पैंतालीसवें मुख्य न्यायाधीश बने हैं।

---

बिहार देश में पहला राज्य बन गया है जहां प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मतदाताओं की संख्या बारह सौ से कम है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने कहा कि राज्य में बारह हजार आठ सौ सत्रह नये मतदान केन्द्र बनाए गए है। जिससे मतदान केन्द्रों की संख्या बढ़ कर नब्बे हजार सात सौ बारह हो गई है। श्री गुंजियाल ने बताया कि प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के अंतर्गत अब तक छियानवे दशमलव दो तीन प्रतिशत मतदाताओं का सत्यापन कार्य पूरा कर लिया गया है। आयोग ने कहा है कि सात करोड़ सोलह लाख से अधिक गणना फार्म एकत्र किए गए हैं। अब केवल उनतीस लाख बासठ हजार सात सौ बासठ मतदाताओं को ही अपने फार्म जमा कराने हैं। इसके साथ ही चुनाव आयोग ने मृत, स्थानांतरित और एक से अधिक स्थानों पर रजिस्टर मतदाताओं की सूची राजनीति दलों के साथ की है। आयोग ने कहा है कि वैसे मतदाताओं की सूची भी दी गई है जो अपने पते पर नहीं मिले है।

---

प्रदेश के अधिकतर भागों में मानसूनी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान नालंदा, शेखपुरा और जमुई जिले के कई स्थानों पर भारी वर्षा दर्ज की गई ह। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि आज गयाजी और नवादा जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, अररिया, किशनगंज, कटिहार, बांका समेत राज्य के उत्तर–पूर्वी और दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और तेज हवा के साथ बारिश की चेतावनी भी जारी की है।

———बाइट———

---

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण प्रदेश में गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक, कोसी और महानंदा समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है। केन्द्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के गांधीघाट और हाथीदह तथा भागलपुर में खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। वहीं, मनेर में

सोन नदी का जलस्तर लाल निशान से ऊपर दर्ज किया गया। बूढ़ी गंडन नदी का जलस्तर खगड़िया में खतरे के निशान से लगभग आधा मीटर ऊपर बना हुआ है। विभिन्न नदियों में उफान से प्रदेश के कई तटवर्ती क्षेत्रों और निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है।

---

कटिहार जिला से गुजरने वाली चार बड़ी नदियों गंगा, कोसी, महानंदा और बरंडी में उफान से निचले इलाकों में विकट स्थिति बन गई है। एक रिपोर्ट–

–––बाइट–––

गंगा और कोसी नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि से कुरसेला प्रखंड के खेरिया, मलनिया, पत्थर टोला और कमलाकानी जैसे निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति बन गई है। कुरसेला नगर पंचायत क्षेत्र के बागमारा और पचखुटी को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर भी तीन फीट तक पानी बह रहा है। कोसी नदी का जलस्तर खतरे के निशान से महज एक सेंटीमीटर नीचे है और कभी भी यह खतरे के निशान को पार कर सकता है। हालात को देखते हुए पशुपालक अपने मवेशियों को ऊंचे स्थानों पर ले जा रहे हैं। इधर, खेतों और बहियारों में बाढ़ का पानी भरने से हरित चारा पूरी तरह बर्बाद हो गया है। खेरिया घाट पर कोसी नदी का जलस्तर बढ़ने से तेज़ कटाव भी शुरू हो गया है। जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने बताया है कि कटाव क्षेत्र में राहत के कार्य किए जा रहे हैं।

बाइट –– मनेश कुमार मीणा–

गंगा और महानंदा नदी के कटाव वाले क्षेत्रों पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी।

---

खगड़िया जिले में भी गंगा और गंडक नदी का जलस्तर लगातार बढ रहा है, जिससे नदी किनारे रहने वाले लोगों में डर का माहौल बना हुआ। एक रिपोर्ट–

–––बाइट–––

परबत्ता से लेकर खगड़िया तक गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि से कई निचले इलाकों में पानी फैलने लगा है। कई गांव और बसावट का सड़क संपर्क टूट गया है। कई स्कूलों में पानी भर गया है। गंगा में उफान से गंडक नदी ने भी रौद्र रूप धारन कर लिया है। जिसके कारण खगड़िया सदर के तीन पंचायत रहीमपुर मध्य, दक्षिण और उत्तरी पंचायत के कई गांव पानी से घिर गए हैं। लोगों को घरों से निकलने अथवा मवेशी चारा के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुर्गापुर पुल के पास एप्रोच पथ टूटने के कगार पर है। जबकि मथार से एकनियाँ के बीच पुलिया बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। जिला परिषद सदस्य प्रियदर्शना सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर प्रभावित गांवों में बचाव कार्य चलाने और तत्काल नाव उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमर।

---

आज सावन की दूसरी सोमवारी है। इस अवसर पर मंदिरों और शिवालयों में सुबह से ही भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है। पूरा वातावरण ओम नमः शिवाय के मंत्रोच्चार से गुंजायमान है।

———म्यूजिक———

इस पावन अवसर पर भागलपुर के सुल्तानगंज में बड़ी संख्या में कांवरिया उत्तरवाहिनी गंगा का जल उठाने के लिये पहुंच रहे हैं। ये कांवड़ियां एक सौ पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे। इधर, मुजफ्फरपुर के गरीबनाथ, सोनपुर के हरिहरनाथ, रोहतास के गुप्ताधाम, जहानाबाद के वाणावर, दरभंगा के कुशेश्वर स्थान, सुपौल के तिलहेश्वर स्थान, लखीसराय के अशोकधाम, पटना के बैकटपुर धाम समेत विभिन्न शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा है कि एकता समाज की सबसे बड़ी ताकत है। श्री खां ने सीवान स्थित इस्लामिया कॉलेज के वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को दो हजार सैंतालीस तक दुनिया का सबसे गतिशील देश बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर काम करना होगा।

---

01. विपक्षी दलों के हंगामें के बीच विधानमंडल का मानसून सत्र शुरू। चालू वित्तीय वर्ष का प्रथम अनुपूरक बजट सदन के पटल पर रखा गया।
02. संसद का मानसून सत्र भी शुरू। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्र को देश की सामूहिक उपलब्धियों का सच्चा उत्सव बताया।
03. बिहार देश में पहला राज्य बन गया है जहां प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मतदाताओं की संख्या बारह सौ से कम है।
04. और, नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण गंगा, कोसी, बूढ़ी गंडक और महानंदा नदी में भारी उफान। पटना, खगड़िया, भागलपुर, कटिहार के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैला।

---

समाप्त